तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 पिथौरा में पहली बार जिला स्तरीय फुटबॉल...


14 छग टीचर्स एसोसिएशन ने किया नवपदोन्नत...


## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा रत्न सम्मान से अलंकृत होंगी डॉ. गरिमा



**महासमुंद।** साहित्य गतिविधियों का संचालन करने वाली उत्तर प्रदेश की संस्था नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन (रजि.) द्वारा अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. गरिमा दीवान को प्रज्ञा रत्न वार्षिकी सम्मान 2025 से सम्मानित किए जाने हेतू चयन किया है। डॉ. दीवान के साथ पूरे देश से तकरीबन 60 लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### शराब पिलाने की सुविधा दो लोगों पर हुई कार्रवाई



**महासमुंद।** लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो लोगों पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुरमाडीह का दुखुराम राजहंस अपने घर के पास में अवैध रूप से लोगों को शराब पिला रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत कार्रवाई की। इसी तरह लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे पिगल बरिहा पिता मोहित राम बरिहा (52 साल) कुरमाडीह चौकी भंवरपुर को पुलिस ने पकड़ा। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## धान खरीदी : अवैध धान और परिवहन के मामले में भी जिला प्रदेश में आगे

# महीने भर में 21 दिन हुई धान खरीदी प्रदेश में महासमुंद जिला बना अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान ख़रीदी में जिला प्रदेश में अग्रणी स्थान पर है, इसके साथ अवैध धान और परिवहन के मामले में भी जिला प्रदेश में अव्वल है। बता दें कि 1 माह में हुई 21 दिन की खरीदी और कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद आज दिनांक तक कुल 279996.44 टन धान खरीदी के साथ जिला प्रदेश में अव्वल है वहीं 29 हजार 307 क्विंटल धान की धरपकड़ और मंडी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के साथ इस मामले में भी आगे है।

जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में किसानों से कुल 279996.44 टन धान की खरीदी की जा चुकी है। महासमुंद जिला खरीदी में प्रदेश में अव्वल स्थान पर है वहीं बेमेतरा दूसरे, बलौदाबाजार तीसरे, बालोद चौथे तथा राजनांदगांव पांचवें पायदान पर है। इसी प्रकार धरपकड़ के मामले में महासमुंद के बाद रायगढ़, धमतरी और राजनांदगांव तथा बलरामपुर जिले शामिल हैं। बता दें कि पूरे प्रदेश में सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के बीच 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुई। शुरूआत में कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी प्रभावित जरूर हुई पर, हड़ताल खत्म होने के बाद से ही खरीदी पटरी पर आई और खरीदी में तेजी आने लगी।



### धान का उठाव नहीं होने से खरीदी हो रही प्रभावित

जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जिले में कुल 48376 किसानों से सबसे अधिक 279996.44 टन, बेमेतरा में कुल 43680 किसानों से 255841.20 टन, बलौदाबाजार के कुल 48621 किसानों से 221897.52 टन, बालोद के 45179 किसानों से 208622.52 टन और राजनांदगांव के कुल 40086 किसानों से 203511.36 टन खरीदी हुई है। लेकिन धान का उठाव काफी कम हो रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक 18754.23 टन धान का उठाव हुआ है। उपार्जन केंद्रों में लगातार धान खरीदी होने और उठाव कम होने से खरीदी केन्द्रों में 262079.22 टन जाम पड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार इस बार धान खरीदी के लिए 1 लाख 58 हजार 983 किसानों का पंजीयन हो चुका है। आज धान खरीदी का 22वां दिन है। पिछले 21 दिनों जिले के 182 उपार्जन केंद्रों से 48376 किसानों से 279996.44 टन धान खरीदा जा चुका है, जो पिछले 21 दिनों की अपेक्षा कम तो है। पर, प्रदेश में सबसे अधिक धान खरीदी के मामले में पहले स्थान पर है। धान खरीदी कम होने के पीछे कारण बताया जा रहा है कि जिले में धान कटाई तो पूरी हो चुकी है पर उपार्जन केंद्रों में खरीदी लिमिट कम होने से किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है। साथ ही कई किसानों का धान अभी ब्यारा में ही मिंजाई के लिए रखा है। बताया गया कि आने वाले 10-15 दिनों में बड़ी संख्या में किसान धान बेचने उपार्जन केंद्रों में पहुंचेगे, जिससे खरीदी बढ़ेगी।

## अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई,694 बोरा जब्त



**महासमुंद।** जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में लगातार जारी सख्त कार्रवाई के क्रम में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में बीती रात संयुक्त टीम द्वारा रेहटीखोल क्षेत्र में 694 बोरा धान जब्त किया गया। संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान एक ट्रक को रोका गया, जिसमें उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर बिना वैध दस्तावेजों के धान का परिवहन किया जा रहा था। जांच में ट्रक में कुल 694 बोरा धान, जिसका कुल वजन लगभग 319 क्विंटल पाया गया। परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर धान से भरे ट्रक को मौके पर ही जब्त किया गया। जब्त किए गए धान एवं वाहन को आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए धान परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी जारी रहेगी।

## परिवहन नहीं होने से केंद्रों में धान जाम खरीदी प्रभावित



**नर्रा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 छग में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से जारी है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान एवं मुनगासेर के अंतर्गत आने वाले खरीदी केंद्रों में धान खरीदी शुरू हुए एक माह होने को है। लेकिन, धान का उठाव व परिवहन नहीं होने से धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। सभी स्टेक धान से भर जाने से आने वाले दिनों में धान खरीदी कर पाना मुश्किल हो जाएगा। वही अधिकांश सरकारी समितियों में बफर लिमिट से डबल खरीदी की जा चुकी है। यदि जल्द से जल्द धान का उठाव शुरू नही हुआ तो धान खरीदी का कार्य प्रभावित भी हो सकती है, जिससे शेष किसानों को धान बेचने में देरी होगी। जानकारी के अनुसार उपार्जन केंद्र नर्रा में खरीदी का बफर लिमिट 14444 क्विंटल से अधिक खरीदी अब तक 21970 क्विंटल धान की खरीदी कर लिया गया है। परसुली केंद्र में अब तक 15492 क्विंटल, कछारडिही 22 हजार, बकमा में 2127, कसेकेरा 27 हजार, देवरी में 13 हजार, घोटियापानी 12 हजार, बसुलाडबरी 30 हजार, बांघामुडा 20961, मुनगासेर 2550, खेमड़ा 21 हजार, मोगरापाली 22 हजार, कोमाखान 20108, पटपरपाली 20635 एवं गांजर खरीदी केंद्र में अब तक 20740 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है।

## शहीद स्मारक में आज मनाया जाएगा विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि शाम 4 बजे शहीद स्मारक खरोरा में भारतीय विजय दिवस मनाया जाएगा। 16 दिसंबर के दिन 1971 की जीत हुई थी। विजय दिवस 16 दिसंबर को मनाया जाता है। तैयारियां हर साल होती हैं और इस साल भी। 16 दिसंबर 2025 के लिए देशभर में खासकर 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** बीते महीने की 26 तारीख को एक्सीडेंट में हुई एक बाइक सवार की मौत के मामले में सांकरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच दौरान शव पंचनामा, गवाह, परिजनों का कथन एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर विजय सिदार पिता नेहरु सिदार एवं कुमार सिदार पिता कुशवा सिदार ढाबाखार थाना सांकरा 26.11.25 को दोपहर करीब 2.30 बजे ग्राम भगतदेवरी से ढाबाखार आ रहे थे। ढाबाखार पुलिया के पास पहुंचने पर पीछे से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 2815 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएम 1179 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से विजय सिदार एवं कुमार सिदार मोटर सायकल से नीचे गिर गये। इस दौरान कुमार सिदार को सामान्य चोट आई और विजय सिदार के सिर एवं सीने में चोट आई थी, जिसे इलाज के लिए सीएचसी बसना में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान विजय सिदार की मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में चांदनी ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

32वीं एनटीपीसी सीनियर इंडियन राउंड, 21वीं एनटीपीसी सीनियर कंपाउंड राउंड एवं 45वीं एनटीपीसी सीनियर रिकर्व राउंड नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप हैदराबाद तेलंगाना में 10 से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया है। महासमुंद जिले के खिलाड़ी कमलेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू इंडियन राउंड, नवलीन कौर पिता अरविंद छाबड़ा कंपाउंड राउंड एवं चांदनी साहू पिता बलदेव साहू इंडियन राउंड शामिल हैं।

महिला वर्ग के इंडियन राउंड में महासमुंद जिले की चांदनी साहू ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। शुक्रवार को टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ ने स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। जिसमें चांदनी साहू, माया बघेल, सुलोचना राज एवं पायल मरावी शामिल रहे। नेशनल गेम्स उत्तराखंड में रजत पदक एवं कांस्य पदक जीतने के बाद एकबार फिर से चांदनी साहू ने लगातार छत्तीसगढ़ राज्य को तीरंदाजी में पदक दिलाकर राज्य को गौरवान्वित किया है। राज्य खेल अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। बॉल आश्रम बिहाझर बागबहरा से प्रारंभिक अभ्यास करते हुए चांदनी साहू ने खेल अकादमी में प्रवेश प्राप्त कर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, नेशनल गेम्स, सीनियर नेशनल में पदक जीतने में सफलता हासिल कर रहीं हैं। चांदनी की इस उपलब्धि में खेल अकादमी बिलासपुर, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा, बॉल आश्रम बिहाझर एवं जिला प्रशासन का सहयोग रहा हैं। छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेंदु चंद्राकर, पिरीत साहू, सोमनाथ साहू, डॉ विकास अग्रवाल, अरविंद छाबड़ा व प्रशिक्षक के मार्गदर्शन से चांदनी को तीरंदाजी खेल की जानकारी एवं कौशल, प्रतियोगिता में शामिल होने मार्गदर्शन मिला। महासमुंद जिले की चांदनी साहू के स्वर्ण एवं रजत पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, भारतीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज कुमार घृतलहरे, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत कौर, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू, हिरेंद्र देवांगन, डॉ. सुनील कुमार भोई, खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षक बिलासपुर इतवारी राज, पिरीत साहू, संजय पैकरा, रिंकल बग्गा, सोमनाथ साहू, संजय सोनवानी, बॉल आश्रम बिहाझर के समस्त खिलाड़ी एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के समस्त खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान


परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

***जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान***



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप



### विवेकानंद सेवा संस्थान को पेड़ लगाने के लिए गीता ने किया सहयोग

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा के जनसेवक पोखन लाल चंद्राकर ने विवेकानंद सेवा संस्थान बेलसोंडा से जुड़े होने के उपरांत लोगों क्रो पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरणा देते आ रहे है तथा उनकी बात मानते हुए गांव तथा गांव से बाहर के लोगों ने प्रेरित होकर यथासंभव हमारे संस्थान में सहयोग भी करते आ रहे हैं। इस प्रकार जनसेवक पोखन लाल चंद्राकर ने संस्थान के सदस्यों गिरधारी धीवर, शत्रुघ्न साहू, यज्ञ देवांगन, जीतलाल धीवर, तेजराम धीवर आदि के साथ मिलकर गांव में पर्यावरण संतुलन क्रो बनाये रखने में अहम योगदान दिया है और आज गांव के चारों तरफ तथा सभी तालाबों में छायादार वृक्ष हमें देखने क्रो मिल रहा है। पोखन के कार्यों से प्रेरित होकर उनकी दीदी गीता देवी चंद्राकर सेम्हरा छुरा ने 1501 रुपए अपनी सुपुत्री पायल चंद्राकर के जन्मदिवस (16 दिसंबर 2025) पर विवेकानंद सेवा संस्थान बेलसोंडा को एक पेड़ बेटी के नाम पर समर्पित किया है। उक्त जानकारी विवेकानंद सेवा संस्थान के सचिव उदेराम साहू ने दी है।

### छत्तीसगढ़ में होंगे नेशनल ट्राइबल गेम्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में आयोजित सत्र में सरकार के विजन डॉक्यूमेंट 'छत्तीसगढ़ अंजोर-2047' पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने चर्चा में भाग लेते हुए 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए अपने विभागों के रोडमैप साझा किए। छत्तीसगढ़ राज्य को हमने बनाया है और इसे हम ही संवारेंगे तथा विकसित करेंगे। इसके लिए हमने ठोस रणनीति और चरणबद्ध योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली है। राज्य में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहे हैं। श्री साव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा रहा है। देश में हौसलेवाले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने विकसित भारत का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में विष्णु के सुशासन के साथ हमारे मुख्यमंत्री ने विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लिया है। हमारी यात्रा ज्ञान यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। उन्होंने सदन में बताया कि अंजोर विजन में राज्य के युवाओं को कौशल, खेल और नवाचार का आधार प्रदान किया गया है। हम प्रत्येक जिले में आधुनिक 'मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स' विकसित करेंगे। खिलाड़ियों को डेटा-आधारित प्रशिक्षण, फिजियोथेरेपी और पोषण सहायता देने के लिए 'स्पोर्ट्स साइंस सेंटर' स्थापित किए जाएंगे। राज्य में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एग्रीटेक, रोबोटिक्स, फिनटेक और एआई जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप्स का विस्तार किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने ऊर्जावान छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में रजत महोत्सव विशेष छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल द्वारा प्रकाशित 'ऊर्जावान छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह काफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं उसकी उत्तरवर्ती पॉवर कंपनियों की 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा, उपलब्धियों और विकास गाथा पर आधारित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों, अधोसंरचना विकास, नवाचारों और जनसेवा आधारित कार्यों का सजीव दस्तावेज है।

## योग भवन में योग प्रशिक्षण शिविर शुरू





**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में जारी है। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया स्वामी द्वारा करवाया जा रहा है। दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेति, कुंजल की क्रियाएं, रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं, दीर्घशंख प्रक्षालन, जलनेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से 8:30 बजे, महिला व बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक है। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बता रहे हैं।

## छात्रों ने किया पॉलिटेक्निक कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कराया गया। इस भ्रमण में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षिका प्रज्ञा लांजेवर (आईटी) एवं व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश द्वारा किया गया। कॉलेज की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को विषय चयन एवं करियर काउंसिलिंग संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा तकनीकी शिक्षा में प्रैक्टिकल के महत्व को बताया।। डॉ. लक्ष्मीकांत कराल द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पॉलिटेक्निक कॉलेज में विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं शाखाओं की जानकारी दी गई।शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर लैब का भ्रमण कर प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. नंदिता गुप्ता, हेमंत वर्मा, उमाशंकर यादव मौजूद रहे।

## बड़े साजापाली में तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला के लिए मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



विकासखंड बसना के पूर्वांचल व वनांचल में बसा प्रमुख ग्राम बड़े साजापाली में अनेक वर्षों से तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला सह जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां सतनामी समाज के साथ दूर दूरांचल के सभी समाज के प्रमुख व कलाकारों के साथ संत समागम होता है।

तीन दिवसीय मेला में विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इस वर्ष आगत 28 से 30 दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला सह जयंती समारोह आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कार्यक्रम में पधारने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया।

बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के नेतृत्व में सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल के प्रमुख एवं वरिष्ठ पत्रकार अभय धृतलहरे, महंत लखन मुनि साहेब प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, ऋषिकेशन दास, अक्तिराम ओगरे वरिष्ठ समाजसेवी, सतनामी समाज भंवरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष ईश्वर भारद्वाज, बाबूलाल कुर्रे ब्लाक उपाध्यक्ष सतनामी समाज, संतोषी मोहरसाय ओगरे सरपंच ग्राम पंचायत नौगड़ी, सुरेश दास सचिव ग्राम युवा समिति नौगड़ी, ईश्वरी वेदराम कुर्रे सरपंच एवं सतनामी समाज ग्राम प्रमुख बड़े साजापाली, विजय भारद्वाज पूर्व सैनिक, रमेश ओगरे एवं सुनील भारद्वाज सतनाम सेवा समिति बड़े साजापाली के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला में पधारने न्यौता दिया गया।

## चिपरीकोना में क्रिकेट स्पर्धा, कुड़ेकेल की टीम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्राम पंचायत चिपरीकोना में 8 से 14 दिसंबर तक सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 48 टीम शामिल हुए। खेल खिलाड़ी की भावनाओं को जीवंत मानकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किए। इसमें प्रथम स्थान कुड़ेकेल की टीम को 30001 रुपए और चैलेंज कप, द्वितीय कारीडोंगर 15001 रुपए व चैलेंज कप, तृतीय कांदाडोंगर 7001 रुपए व शील्ड, चतुर्थ धोबनी 2001 व शील्ड, पंचम नौगड़ी 2001 व शील्ड, षष्टम कुम्हारी की टीम को 2001 रुपए प्रदाय किया जाएगा। साथ ही सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को मैडल से सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच संतु कारीडोंगर व मैन ऑफ द सीरीज राजू पटेल कुडेकेल को दिया गया। बेस्ट गेंदबाज के रूप में नंदू कारीडोगर को नवाजा गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य देवकी पुरूषोत्तम दीवान, ग्राम पंचायत चिपरीकोना सरपंच नीलशीला दिलीप अजगल्ले, उपसरपंच देवप्रभा नरेंद्र सिदार, ग्राम पंचायत लोहड़ीपुर सरपंच केकती हरिश्चन्द्र पटेल, जयपाल बघेल भूतपूर्व सरपंच मौजूद रहे। इस अवसर पर उत्तम सिंह चंद्रवंशी, घनश्याम सिदार, गनेश सिदार, तिलक पटेल, शंकर सिदार, प्रदीप चंद्रवंशी, यूरेश नाग, रमेश सिदार, अलेखराम सिदार, गजानंद, राकेश चतुर्वेदी, महिमा सिदार, कृष्णा सिदार, तूफान बाई, खिलाड़ियों में कन्हैयालाल सिदार, हितेश सिदार, भूपेंद्र राठिया, रामलाल सिदार, धनुर्जय सिदार, वैभव सिदार, टंकाधर बरिहा, विक्रम भोई, योगेश बरेठ, प्रेम सिदार आदि मौजूद रहे।

## किसानों को धान बेचने से वंचित करने षड़यंत्र के तहत कार्य कर रही भाजपा सरकार : पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ छत्तीसगढ़ के इतिहास में इस तरह कभी किसानों को परेशान नहीं किया गया



किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जो परेशानी वर्तमान शासनकाल में उठानी पड़ रही है, वह छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी नहीं हुआ। आज टोकन की समस्या, रकबा सुधार नहीं होने से धान बेचने से वंचित होने की चिंता, सोसायटियों में धान बेचने बारी का इंतजार करने जैसी समस्याओं से किसान जूझ रहे हैं। उपर से खरीदी लिमिट भी एक बड़ी समस्या है, जो किसानों के धान विक्रय करने में रोड़ा बन रहा है। इसे लेकर पूर्व पार्षद व समाजसेवी पंकज साहू ने सरकार को व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

पूर्व पार्षद साहू ने कहा कि सोसायटियों में 2500 कट्टा तक खरीदी लिमिट रखा गया है। इससे अधिक धान किसी भी सूरत में नहीं लिए जाने के सख्त आदेश हैं। पूर्व सरकार के कार्यकल में प्रतिदिन 4000 कट्टा धान खरीदी लिमिट थी। वहीं, टोकन के लिए सर्वर भी एक बड़ी समस्या बन गई है। टोकन तुंहर एप केवल नाम का रह गया है, बफरिंग होते-होते सुबह से शाम हो जाता है, लेकिन किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा। एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो पाने से भी जिले के हजारों किसान धान बेचने से वंचित होने को लेकर चिंतित हैं। उपर से टोकन नहीं कटने तथा जिनका टोकन कटा भी उन्हें 10-15 दिन आगे का डेट दिया गया है, ऐसे किसानों को अपनी उपज को सुरक्षित रखने की भी चिंता सता रही है। कई सोसायटी कर्मचारी किसानों से यह भी कहते हैं कि जितना धान खरीदने के आदेश हैं, उससे कम लेना होता है। एक भी दाना उससे अधिक नहीं खरीदना है।

## परकोम में आमंत्रित मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम परकोम में दो दिवसीय मानस गान धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई जिलों से आए 10 आमंत्रित मानस मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुति दी। मानस के श्रोताओं को गीत, संगीत एवं टीका व्याख्या के माध्यम से मुग्ध किया।

कथा के माध्यम से भगवान राम का गुणगान किया। राम के चरित्र को अमृत रूपी इसलिए कहा गया है, क्योंकि उनके गुण अनश्वर जीवनदायी और जनकल्याणकारी है। उनका सबसे बड़ा गुण मर्यादा का पालन करना। उन्होंने एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा का उदाहरण प्रस्तुत किया था, जो कि पीढ़ियों को जीवन जीने की सही मार्ग दिखाता है। इस धार्मिक महोत्सव में आसपास गांव के धर्मानुरागी श्रोतागण राम कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंचे।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य के अलावा क्षेत्र के जनपद सदस्य, संरपच, पंच एवं जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। ग्राम के आयोजक समिति द्वारा आमंत्रित मंडली को सह सम्मान के साथ प्रोत्साहन राशि प्रतिक चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई।

कार्यक्रम में संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर, अध्यक्ष खेमराज पटेल, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल, सचिव भोज राज पटेल, ताम्रध्वज ठाकुर, परमेश्वर चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## कॉलेज में तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




विद्यार्थियों को तनाव के कारणों एवं उससे निपटने के व्यावहारिक उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों में परीक्षा के दौरान तनाव को प्रभावी रूप से प्रबंधित करने के उद्देश्य से परीक्षा की चिंता एवं तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. अंजना पुरोहित शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय रायपुर रहीं। उनके साथ डॉ. वैशाली एवं जय पंचांगम भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की कला संकाय प्रमुख डॉ. रीता पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। मनोविज्ञान विभाग की अतिथि व्याख्याता रेणुका साहू एवं ममता साहू, प्रयोगशाला परिचारक लक्षवंतिन जांगड़े तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. अंजना पुरोहित ने तनाव प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि समस्याओं से भागना समाधान नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव के मूल कारणों की पहचान, उचित तैयारी, समय प्रबंधन, नियमित कक्षा उपस्थिति तथा पाठ्यक्रम की सही समझ विकसित करने पर बल दिया। साथ ही तनाव से निपटने के लिए योग, सकारात्मक जीवनशैली एवं नियमित नींद दिनचर्या अपनाने की सलाह दी गई। कार्यशाला में अत्यधिक मोबाइल फोन उपयोग, लगातार स्क्रॉलिंग, डिजिटल निर्भरता के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई तथा विद्यार्थियों को डिजिटल डिटॉक्स एवं डिजिटल फास्टिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## सहायक शिक्षक 17 जनवरी को तूता धरनास्थल पर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सहायक शिक्षक वेतन विसंगति दूर करने, टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में 17 जनवरी को राजधानी में प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेंगे। इस दिन नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर मोदी की गारंटी का पालन नहीं किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों की बैठक में आंदोलन का ऐलान किया गया।

फेडरेशन का कहना है कि जब तक मोदी की गारंटी लागू नहीं होती और टीईटी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा सरकार ने वादा किया था कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर 100 दिन के भीतर क्रमोन्नत वेतन दिया जाएगा, लेकिन आज तक मोदी की गारंटी का पालन नहीं हुआ। इसी विषय को याद दिलाने प्रदेश के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता संबंधी फैसले से हजारों शिक्षकों की सेवा और पदोन्नति खतरे में है। फेडरेशन ने पुनर्विचार याचिका दायर करने और कानून लाने की मांग की है।

### ऑनलाइन बैठक में ये हुए शामिल

17 जनवरी के प्रदेश स्तरीय आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों, ब्लॉक, संकुलों के प्रतिनिधि और शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की ऑनलाइन हुई बैठक में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी रविंद्र राठौर, मनीष मिश्रा, देवेंद्र हरमुख, सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## कांकेर में मासूम बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर सांसद बृजमोहन सख्त

■ लोकसभा में उठाया एक्सपायरी दवाओं के गलत निपटान का मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में कांकेर जिले के एक उप-स्वास्थ्य केंद्र में हुई गंभीर लापरवाही की घटना को मजबूती से उठाकर पूरे देश का ध्यान फार्मास्यूटिकल वेस्ट मैनेजमेंट जैसी अत्यंत संवेदनशील समस्या की ओर आकृष्ट किया है। सांसद श्री अग्रवाल ने सदन को अवगत कराया कि कांकेर के सब-हेल्थ सेंटर में एक्सपायर हो चुकी दवाओं को जलाए जाने से निकला जहरीला धुआं पास के स्कूल की कक्षाओं के भीतर तक फैल गया, जिससे कई मासूम बच्चों को चक्कर आने और सांस लेने में तकलीफ जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण है, बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए एक चेतावनी भी है कि गलत वेस्ट मैनेजमेंट किस तरह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को खतरे में डाल सकता है।

लोकसभा में बोलते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि देश के कई हिस्सों में एक्सपायर दवाओं को सीवेज सिस्टम, खेती की जमीन या खुले गड्ढों में फेंक दिया जाता है, जिससे जहरीले रसायन मिट्टी और भूजल को प्रदूषित कर रहे हैं।

### देशभर में स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र सरकार से सीडीएससीओ की गाइडलाइंस और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 के तहत पूरे देश में सख्त और स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की। उन्होंने यह भी जोर दिया कि सभी संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को दवाओं के सुरक्षित निपटान के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाए।

## प्रभावित हुई उड़ान तो यात्रियों के स्वल्पाहार की जिम्मेदारी एयरलाइंस कंपनी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एयरपोर्ट के रेस्टोरेंट में पर्याप्त खाद्य सामग्री रखने की हिदायत

फ्लाइट्स के अचानक रद्द होने के बाद फैली अव्यवस्था से सीख लेते हुए सर्दी के मौसम में कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को राहत देने एयरपोर्ट प्रबंधन ने अपनी रणनीति बनाई है। प्रभावित होने वाली फ्लाइट के यात्रियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था एयरलाइंस कंपनी की जिम्मेदारी होगी। ठंड के मौसम में एयरपोर्ट के रेस्टोरेंट में पर्याप्त खाद्य सामग्री रखनी होगी। इसके अलावा विमानतल में मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए।

इंडिगो एयरलाइंस कंपनी की फ्लाइट रद्द होने की वजह से रायपुर समेत देशभर के एयरपोर्ट में हाहाकार मच गया था। इस दौरान एयरपोर्ट में बदइंतजामी की शिकायतें में भी जमकर हुई थीं। इस तरह की घटनाओं से सीख लेते हुए शनिवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर सहित अन्य जिम्मेदारों ने बैठक लेकर कोहरे के दौरान प्रभावित होने वाली उड़ान के यात्रियों की असुविधा से निपटने के लिए अपनी-अपनी तैयारी रखने निर्देशित किया। सभी हितधारकों के साथ समन्वय बैठक हुई, जिसमें एयरलाइंस कंपनियों को विलंब की स्थिति में सभी यात्रियों को स्वल्पाहार वितरित करने कहा गया।



### दिल्ली फ्लाइट रद्द रही

रविवार को दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच एक फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। रायपुर से शाम 5.55 बजे रवाना होने वाली फ्लाइट के रद्द होने की जानकारी यात्रियों को पहले से दे दी गई थी। वर्तमान में दिल्ली-रायपुर के बीच इंडिगो की पांच फ्लाइट चलती हैं। रविवार को चार उड़ानें अपने तय समय पर पूरी हुईं। इसके अलावा रविवार के शेड्यूल वाली तमाम शहरों की फ्लाइट्स का संचालन निर्बाध तरीके से पूरा किया गया।

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विकेता मनीराम पिता बिसाहू जाति तेली निवासी मालीडीह वाले के नाम से वाके मौजा ग्राम मालीडीह प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिरपुर तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. में खसरा नं. 449, 460 रकबा क्रमश 0.2000 हे., 0.1500 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.3500 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (दस) दस दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति करता है, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा।
आरंग छ.ग.
सो सूचना जानें,
दिनांक 15/12/2025

के. के. गुप्ता अधिवक्ता
इंदिरा चौक आरंग जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 94252.28796
मो.नं. 7974662256

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता अरूण कुमार चंद्राकर पिता मन्नूलाल चंद्राकर निवासी मालीडीह वाले के नाम से वाके मौजा ग्राम मालीडीह प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिरपुर तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. में खसरा नं. 446, 447, 459, 448, 450 रकबा क्रमश 0.4800 हे., 0.6300 हे., 0.2000 हे. 0.4500 हे., 0.1500 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 1.9100 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है। इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (10) दस दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति करता है, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा।
आरंग छ.ग.
सो सूचना जानें,
दिनांक 15/12/2025

के. के. गुप्ता अधिवक्ता
इंदिरा चौक आरंग जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 94252.28796
मो.नं. 7974662256

## खबर संक्षेप



### डीईओ ने किया अर्द्धवार्षिक परीक्षा का निरीक्षण

**महासमुंद।** सेजेस हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय महासमुंद में संचालित अर्धवार्षिक परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दर्ज संख्या 488 के विरुद्ध 488 विद्यार्थी परीक्षा देते हुए पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को शांतिपूर्वक एवं एकाग्रता के साथ प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य तथा बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे।

### पिथौरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 22 मरीजों में सायकोसिस 7, डिप्रेशन 3, जीएडी 2, एमआर 1, एल्कोहल विड्रॉल 2, बीपीडी 3, 2 गंभीर मानसिक रोगी के मरीजों को राज्य मानसिक चिकित्सालय में रेफर किया। मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ तारा अग्रवाल बीएमओ पिथौरा, डॉ चित्रेश डडसेना, जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से राम गोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्रमोन्नत वेतन प्रदाय करने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय निर्देश पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतन प्रदान करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर एवं ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श की उपस्थिति में विधायक से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के अशोक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, आत्माराम साहू, राजेश भालेराव, तारकेश्वर साहू, फागू लाल पटेल आदि मौजूद रहे।



### सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, संगीता चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए उन्होंने अप्रतिम योगदान दिया। उनका समर्पण युवाओं को हमेशा राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देता रहेगा देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# पिथौरा में पहली बार जिला स्तरीय फुटबॉल प्रीमियर लीग, 29 होगा को शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

खेल गतिविधियों के लिए अपनी विशेष पहचान रखने वाले पिथौरा नगर में खेल जगत का एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। जिले में पहली बार पिथौरा फुटबॉल प्रीमियर लीग (पीएफएल) का आयोजन किया जा रहा है, जो तीन दिवसीय होगा। इस बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 दिसंबर से शहीद भगत सिंह खेल मैदान पिथौरा में किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले भर की स्थानीय फुटबॉल प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक और गुणवत्तापूर्ण मंच प्रदान करना है, ताकि युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढ़ सकें। पीएफएल 2025 में पूरे जिले से चयनित कुल 60 अंडर-19 खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खिलाड़ियों को रेड, ग्रीन, ब्ल्यू और येलो नामक चार टीमों में विभाजित किया गया है। सभी टीमों के बीच लीग प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को लगातार रोमांचक और उच्च स्तरीय फुटबॉल मैच देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में खेल प्रेमियों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। लीग के आयोजन को लेकर रविवार को स्थानीय विश्राम गृह



पिथौरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, समाजसेवी विनोद सिन्हा, समाजसेवी अमरप्रीत छाबड़ा, सौरभ अग्रवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रतियोगिता की रूपरेखा तय की गई और सभी उपस्थित अतिथियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में मेंटोर एवं प्रशिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राजेश साहू, नारायण गबेल, गौरी शंकर पटेल एवं योगेश सोनवानी निभाएंगे, जो खिलाड़ियों के चयन, प्रशिक्षण और मैच संचालन में अहम भूमिका अदा करेंगे। वहीं इस आयोजन को सफल बनाने में खेल संघ के सक्रिय सदस्यों सुधीर प्रधान, सुरेश ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, पार्षद कौशल दास मानिकपुरी, राजेश चौधरी, शैलेंद्र सिन्हा, अविनाश मित्तल, मनोज कालसा, प्रज्ञान प्रधान, अरमान खलखो, यश मिश्रा, मोहन नायक, अंकित निर्मलकर, गोपाल पटेल, किशोर ठाकुर, गौरव साहू, साकेत सहित अनेक खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का विशेष योगदान रहेगा। आयोजकों का कहना है कि पिथौरा फुटबॉल प्रीमियर लीग के माध्यम से क्षेत्र के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को नई पहचान मिलेगी और पिथौरा में खेल संस्कृति को मजबूती प्राप्त होगी। यह आयोजन आने वाले समय में जिले में फुटबॉल के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### आयोजन : सम्मान समारोह में शामिल हुए जिला शिक्षा अधिकारी लहरे

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने किया नवपदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने नवपदोन्नत 15 प्राचार्यों का गुलाल, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ योगेश्वर भगवान कृष्ण के काष्ठ प्रतिमा पर पूजन अर्चन माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के संचालक जिला सचिव नंदकुमार साहू ने नव पदोन्नत प्राचार्यों का स्वागत वंदन कर क्रम से जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा गुलाल, पुष्पहार एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित कराया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने अपने उद्गार में कहा कि व्याख्याता एलबी संवर्ग की प्राचार्य पद पर पदोन्नति शिक्षाकर्मी संघ, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं नगरीय निकाय शिक्षक संघ तथा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा विगत 3 दशक से की गई क्रमिक संघर्ष का प्रतिफल है। 1995 में सत्रांत तक शिक्षाकर्मी नियुक्ति, 1998 में शिक्षाकर्मी भर्ती योजना, 2003 में संविदा शिक्षक, 2005 में संविदा से शिक्षाकर्मी, 2007 में शिक्षक पंचायत संवर्ग, 2018 में शिक्षक एलबी संवर्ग तथा 2025 में प्राचार्य पद पर पदोन्नति इस तरह कई नामों का अलंकरण अपने आप में एक अनसुनी कहानी से कम नहीं है। जिला और प्रांत के सभी पदाधिकारियों के संगठित प्रयास से स्कूल के उच्च पद का मिलना कोई दिवास्वप्न नहीं है, वरन अधिकार के लिए एक लंबी संघर्ष की विजयगाथा है। नवपदोन्नत प्राचार्यों की ओर से तुलेंद्र सागर ने एसोसिएशन के प्रांतीय, जिला एवं विकासखंड इकाई को प्राचार्यों की ओर से मोमेंटो प्रदान कर उनके योगदान को सम्मानित किया। प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान ने प्राचार्य पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त करते हुए पुराने दिनों के संघर्ष को याद करते हुए शिक्षाकर्मी आंदोलन की जुबानी गाथा के साथ शासन को संविलियन, नियमित शिक्षकों की नियुक्ति, पुरानी पेंशन एवं एलबी संवर्ग की पदोन्नति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू ने नवपदोन्नत प्राचार्यों को अपने संघर्ष के दिनों का बखान किया। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू ने अपने संबोधन में प्राचार्य पदोन्नति पर गर्व व्यक्त कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने नव पदोन्नत प्राचार्यों से गरिमानुकूल आचरण करते हुए विद्यालयों में अनुशासनात्मक प्रशासनिक नियंत्रण कर 2026 की परीक्षाओं में शत प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित कर एक नया अध्याय एवं नई कीर्तिमान गढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का यह सम्मान समारोह एक सम्मान कार्यक्रम ही नहीं है, अपितु एक वृहद कार्यशाला है। मैं इस कार्यक्रम के सोच एवं यहां हुए व्याख्यान से अभिभूत हूं तथा आशा करता हूं कि जिला महासमुंद आप सब के संगठित प्रयास से अध्ययन अध्यापन में एक नया मुकाम स्थापित करेगी। भारत स्काउट्स गाइड्स संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार हमेशा से कर्मचारी हितैषी रही है और मेरे द्वारा हमेशा से कर्मचारियों के हितों के लिए सरकार स्तर पर ध्यानकृष्ट करने का प्रयास किया गया है। आपके सुख एवं दुख में मैं हमेशा खड़ा रहा हूं और आपके हित संवर्धन के लिए प्रयास करता रहूंगा।




#### 15 पदोन्नति प्राचार्यों का किया गया सम्मान

येतराम साहू के मुख्य आतिथ्य तथा विजय कुमार लहरे की अध्यक्षता एवं महेंद्र साहू एवं राज्य मुख्लालय आयुक्त (स्काउट) एवं जिलाध्यक्ष एथलेटिक्स संघ पंकज चंद्राकर, प्रेमुलाल साहू, अघरिया समाज से खगेश्वर पटेल, गणेश नायक, सुरेंद्र चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में अघरिया सदन में आयोजित कार्यक्रम में नारायण चौधरी, भोपाल बंजारा, तुलेंद्र सागर, शशि साहू, सम्मेसिंह ठाकुर, भारत साहू, रूपानंद प्रधान, नमोकंकण प्रसाद तिवारी, एलआर सिन्हा, महेश साहू, कमलेश्वरी साहू, विजय दीवान, तरुण पटेल, दीपक देवांगन, डीएन जांगड़े सहित कुल 15 पदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में लालजी साहू, सादराम अजय, विजय प्रधान, प्रदीप वर्मा, अर्चना तिवारी, पुष्पलता भार्गव, संपा बोस, लोरिश कुमार, खिलावन वर्मा, कौशल साहू, पवन साहू, जयराम पटेल, फागुलाल पटेल, विकास साहू, देवेंद्र चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, अंकित चंद्राकर, मोहन साहू, अनूप नायक, नरेश बारीक, रामलाल प्रधान, उस्ताद अली, अजय जायसवाल, अक्षय साहू, सोमनाथ चौहान, रविशंकर बंछोर, मनीष अवसरिया, घनश्याम चक्रधारी, जितेंद्र साहू, राजेंद्र पांडे, विद्या चंद्राकर, उत्तम साहू, पूनम चंद्राकर, टीकम साहू, आशीष देवांगन, मनीषा सोनी, हितेंद्र साहू, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संवर्ग सम्मिलित हुए। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंद कुमार साहू एवम जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

## आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए हुई जनपद स्तरीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के प्रभावी परिपालन के लिए जनपद पंचायत में आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जनसुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

कार्यशाला में अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बताया गया कि खेल परिसरों, स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशनों को आवारा कुत्तों से सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग, गेट एवं नियमित निगरानी अनिवार्य है। आवारा कुत्ते पाए जाने की स्थिति में उन्हें पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के अनुसार हटाकर टीकाकरण व नसबंदी के बाद आश्रय स्थलों में शिफ्ट करने, वापस उसी क्षेत्र में न छोड़ने तथा संपूर्ण डाटा संधारित करने के निर्देश दिए गए।

### नयापारा में एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता 24 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में 25 दिसंबर गुरुवार को सन्त शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती का आयोजन सतनाम पारा जैतखाम में रखा गया है। जैतखाम परिसर में सुबह 10 बजे सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना की जाएगी। सफेद पोषक भक्तों के नेतृत्व में पद प्रदर्शन कर ग्राम भ्रमण के लिए शोभयात्रा निकाली जाएगी। बालक बालिकाओं द्वारा 24 दिसंबर बुधवार को पंथी नृत्य प्रतियोगिता होगी। आशकरण सोनवानी, संजय बंजारे, मोहन पुरेना, शत्रुहन पाटिल, प्रवीण वंशे, नरोत्तम पुरेना, दुलार जांगड़े की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर मड़ाई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 10 बजे दूधचंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में जय सतनाम सेना के प्यारे लाल पुरैना, आशीष जांगड़े, अजय सोनवानी, सूरज वंशे, राजेंद्र बघेल, कुंजलाल पुरेना, दिनेश पाटिल, सूरज वंशे, राकेश चेलक, किशोर सोनवानी, टुकेश्वर सोनवानी, अजय सोनवानी, राजेंद्र बघेल, आशीष जांगडे, हरमिंदर सोनवानी, शत्रुहन कुर्रे, धर्मेंद्र चेलक, मोहित वंशे, हेमंत सोनवानी, विकास वंशे, अमृत पुरेना, आकाश बंजारे, रूपेश पुरेना सहित सदस्य तैयारी में जुटे हुए है।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हुई वाद-विवाद स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने कहा कि ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा इस दिवस को ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में भारत की उपलब्धि को प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर अपने कल को सुरक्षित करने के लिए ऊर्जा बचाने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के उद्देश्य, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, ऊर्जा के प्रकार एवं जलवायु परिवर्तन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण से प्राकृतिक संतुलन बना रहता है तथा यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः हम ऊर्जा का विवेक पूर्ण उपयोग करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें। विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता बढ़ाने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन अक्षय कुमार साहू ने किया।






### अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह
### पुरुषोत्तम अध्यक्ष व राजेंद्र सचिव बने

**सरायपाली।** अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया तथा प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रफुल्ल सोनवानी के आतिथ्य एवं प्रथम अपर जिला न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की अध्यक्षता एवं जिले के न्यायाधीशों के उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तथा अधिवक्ता संघ महासमुंद एवं बसना के अध्यक्ष की उपस्थिति रही। इस अवसर पर न्यायाधीशों द्वारा आम जनता को सस्ता सुलभ एवं शीघ्र न्याय मिले इस दिशा में पहल करने के लिए अधिवक्ता संघ को मार्गदर्शन दिया गया तथा अधिवक्तागण को अधिवक्ता संघ के संविधान अनुरूप कार्य करने की सलाह दी गई। अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष भूपेंद्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मीनाक्षी साहू, सचिव राजेंद्र दास, कोषाध्यक्ष गजानंद स्वाई, सहसचिव अक्षय साहू, क्रीड़ा सचिव विदित धनानिया, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम चौधरी एवं कार्यकारणी के रूप में दीपक प्रधान, सौरभ शेखर बारीक, वनस्वरूप सेन, प्रवीण देवांगन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अधिवक्ता संघ द्वारा समस्त अतिथियों का सम्मान करते हुए मार्गदर्शन देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छग फुलझरिया विश्वकर्मा लोहार समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अर्जुनी में छग फुलझरिया विश्वकर्मा लोहार समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। पश्चात आय-व्यय की जानकारी दी गई, जिसमें समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवलाल विश्वकर्मा लामीडीह, प्रदेश उपाध्यक्ष बेदराम विश्वकर्मा कछारडीह, महिला अध्यक्ष सुकांति विश्वकर्मा बमनीडीह, उपाध्यक्ष प्रेमिनबाई गोड़बहाल, कोषाध्यक्ष क्षेत्रोमोहन विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष कुशराम विश्वकर्मा, संचालक बीनाप्रसाद विश्वकर्मा, उपसंचालक भागीरथी विश्वकर्मा, सचिव नीलकंठ विश्वकर्मा, सहसचिव रामदुलारे विश्वकर्मा, आडिटर हेमराज विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी तिरिथ राम विश्वकर्मा आदि समाज के लोगों को एकता के साथ मिलकर कार्य करने के लिए बात कही।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 सर्कल महासभा फुलझरिया लोहार समाज को भंग किया जाता है। क्योकि, 18 सर्कल महासभा में मात्र कौड़िया परिक्षेत्र के पदाधिकारी है। जबकि, नियमानुसार 18 सर्कल का एक-एक पदाधिकारी होना चाहिए। 18 सर्कल के अध्यक्ष दसरू लोहार बिराजपाली द्वारा मनमानी ढंग से पदाधिकारी नियुक्त कर संगठन का संस्था चलाया रहा है। जबकि, नियमानुसार 3 वर्ष या 5 वर्ष में सर्कलों में चुनाव किया जाता है, यह दसरू लोहार की मनमानी है। उर्री डोंगरी में अध्यक्ष दसरू लोहार द्वारा 18 सर्कल के अध्यक्षों से 5000- 5000 रुपए चंदा लिया गया है, जो कुल राशि 90000 रुपए होता है, जिसकी आय-व्यय की जानकारी समाज के लोगों द्वारा मांगी गई, जिसमें दसरू लोहार ने साफ मुकरते हुए कहा कि 90000 रुपए मेरे पास नहीं है। इस बात से समाज के लोगों द्वारा नाराजगी जाहिर की। 18 सर्कल फुलझरिया लोहार समाज के नाम पर शासन द्वारा किसी भी प्रकार की मान्यता प्राप्त नहीं है और न ही 18 सर्कल का पंजीयन हुआ है। समाज को गुमराह कर 18 सर्कल संस्था बनाकर चला रहे है, इसलिए 18 सर्कल संस्था को भंग किया जा रहा है। जिससे छग के समस्त विश्वकर्मा लोहार सामाजिक लोगों को जानकारी प्राप्त हो।

■ 18 सर्कल महासभा फुलझरिया लोहार समाज को किया भंग



### अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान को मिला भोजपुरी समाज का समर्थन

**महासमुंद।** अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान को आगे बढ़ाते हुए स्वाध्याय केंद्र के सभागार में भोजपुरी समाज के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा की उपस्थिति में भोजपुरी समाज के सदस्य और संजय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का उद्देश्य अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए भोजपुरी समाज से सहयोग प्राप्त करना था। भोजपुरी समाज ने अभियान में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया और समाज की तरफ से लगभग 1 लाख रुपए की सहयोग राशि एकत्रित कर देने की घोषणा भी की गई। यह राशि जल्द ही अभियान समिति को सौंप दी जाएगी। इस अवसर पर घोड़ारी से भाजपा नेता व पहलवान रामआसरे यादव ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वह दो दिनों के लिए अपनी पोकलेन (बैकहो लोडर/जेसीबी) मशीन निःशुल्क रूप से अभियान में सहयोग के लिए प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने अभियान की सफलता में योगदान देने के लिए अन्य सभी लोगों से भी धन संग्रह कर देने की बात कही। डॉ चोपड़ा ने कहा कि भोजपुरी समाज और शहरवासियों के व्यापक सहयोग से 'अविरल सितली-निर्मल सितली' अभियान को नई गति मिलेगी। इस दौरान संजय यादव, संजय शर्मा, अजय यादव, देवेंद्र पांडेय, सुरेंद्र शर्मा सहित भोजपुरी समाज महासमुंद के सभी सदस्य मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महत्वपूर्ण प्रयास : पांच पेड़ों का सफलतापूर्वक प्रतिरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पर्यावरण विभाग ने पेड़ कटाई को रोकने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए महासमुंद के भलेसर रोड पर नाली निर्माण के कारण काटे जा रहे पांच पेड़ों को सफलतापूर्वक प्रतिरोपित (शिफ्ट) कराया है। यह प्रयास संघ के पर्यावरण विभाग के प्रमुख ओमप्रकाश पटेल के नेतृत्व में हुआ, जिन्होंने वृक्षों को बचाने के प्रति संघ की प्रतिबद्धता को उजागर किया है।

घटना तब सामने आई जब भलेसर रोड में नाली निर्माण के दौरान पांच-छह पेड़ों के काटे जाने की सूचना उन्हीं पेड़ों को लगाने वाले स्थानीय निवासी लक्ष्मीकांत यदु ने संघ के पर्यावरण प्रमुख ओमप्रकाश पटेल को दी। सूचना मिलते ही पटेल ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया। पेड़ों की महत्ता को समझते हुए उन्होंने तत्काल नगर पालिका प्रशासन और अध्यक्ष को पेड़ प्रतिरोपण (शिफ्टिंग) के लिए अनुरोध किया। ओमप्रकाश स्वयं इस कार्य के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत रहे और संघ के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर इस कार्य को अंजाम दिया। आकार में बड़े इन पेड़ों को सावधानीपूर्वक भलेसर रोड से निकालकर सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में प्रतिरोपित किया गया और उनका सफल रोपण सुनिश्चित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लगातार इस प्रकार के पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रियता से जुटा हुआ है। यह पहल संघ की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत विकास कार्यों और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ.विमल चोपड़ा, प्रांत सहकार्यवाह घनश्याम सोनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासमुंद के जिला संघचालक महेश चंद्राकर, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, गोवर्धन प्रधान, लक्ष्मीकांत यदु, मोहन साहू, कुंदन साहू सहित संघ परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



